

# ट्रैक्टर में दबने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

## गेहूंरास गांव में ट्रैक्टर पलटने से उसमें दब गया था मालिक

**बेगमगंज, 20 नवंबर. गेहूंरास गांव में एक किसान के खेत पर गेहूं की बुआई करने गया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें दबने से ट्रैक्टर मलिक की मौत हो गई और दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने किया मामला दर्ज.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार गेहूंरास गांव में गुड्डा अहिरवार नामक किसान के खेत पर किराए से गेहूं की बोवनी करने ट्रैक्टर मालिक व चालक अर्जुन अहिरवार पिता गुलाब अहिरवार 35 वर्ष निवासी पाटन तहसील गैरतगंज आ रहा था कि शाम करीब 4 बजे अचानक उसका ट्रैक्टर गांव के पास निर्माणाधीन सड़क की पुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलटकर सड़क के नीचे खाई में गिर गया. ट्रैक्टर के नीचे दबने से अर्जुन अहिरवार की मौत हो गई जबकि उसके साथी बुद्धा लाल अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. खबर मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी राजीव उइके पुलिस बल के साथ पहुंच गए और ट्रैक्टर के नीचे दबे मृतक को पुलिसकर्मियों के सहयोग से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम भेजा. दूसरा घायल बुद्धा अहिरवार अस्पताल में भर्ती है.



### बालमपुर घाटी में ट्रक पेड़ से टकराया

**सलामतपुर, 20 नवंबर.** भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी पर गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे बड़ा हादसा टल गया. जानकारी के अनुसार भोपाल से विदिशा की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया. तेज रफ्तार में ट्रक सीधा खाई की ओर बढ़ रहा था, लेकिन बीच में एक पेड़ से टकराकर रुक गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया चालक और क्लीनर की जान बच गई. मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि हादसा होते ही ट्रक में सवार चालक और क्लीनर बाहर निकल आए, जिन्हें मामूली चोट आई है.

# व्यापारी और किसानों में मारपीट, 4 घायल

## धान के भुगतान को लेकर हुआ विवाद, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

**सलामतपुर, 20 नवंबर. कस्बे में देर रात धान के रुपयों के लेन देन को लेकर व्यापारी और किसान के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के चार लोगों को चोंटे आ गईं. किसान और उसके लड़के को सिर में गंभीर चोंटे आने के कारण भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती किया है.**

सलामतपुर पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात कस्बे के व्यापारी दिनेश साहू को किसान उस्मान खान ने 3100 रुपये क्विंटल के हिसाब से लगभग सवा लाख रुपये की धान बेची. व्यापारी साहू ने 37000 रुपये नगद देकर बकाया रुपये दो दिन में देने का बोला. लेकिन जब किसान उस्मान खान ने रसीद देखी तो उसमें बकाया राशि एक सप्ताह बाद देने का समय लिखा था. बस इसी बात पर व्यापारी दिनेश साहू और किसान उस्मान खान के साथ विवाद हो गया. दिनेश साहू उसके लड़के हर्ष और हर्षित ने लोहे की रॉड से उस्मान खान के लड़के फरहान के सिर में मार दिया. झूमाझटकी में दिनेश साहू के लड़कों को भी मामूली चोटें आईं हैं. पुलिस ने फरियादी उस्मान खान पिता सुल्तान खान निवासी ग्राम बाबड़िया की रिपोर्ट पर आरोपी दिनेश साहू, हर्ष साहू, हर्षित साहू सहित अन्य आरोपियों पर धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3/5 बीएनएस का मामला दर्ज किया है. वहीं फरियादी दिनेश साहू पिता कालूराम साहू की रिपोर्ट पर आरोपी उस्मान खान व अन्य आरोपियों पर भी धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.



### एक नजर में



#### छात्र कन्हैया इमने का अग्नि वीर में चयन

**उदयपुरा, 20 नवंबर.** शासकीय जनजाति महाविद्यालय बालक छात्रावास उदयपुरा मैं अध्ययनरत छात्र कन्हैया इमने का अग्नि वीर( थल सेना) मैं चयनित होने पर जनजाति कार्य विभाग रायसेन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी छात्रावासों के अधीक्षकों द्वारा कन्हैया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी उनके चयनित होने पर पूरे परिवार एवं ग्राम में खुशी की लहर है कन्हैया तहसील सिलवानी ग्राम पंचायत सालावरु के ग्राम जोहर का निवासी है, जो कि उदयपुरा छात्रावास अधीक्षक बैजनाथ इमने का भतीजा है.



#### अवनीश भार्गव प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नियुक्त

**बैरसिया, 20 नवंबर.** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अध्यक्ष पद पर बैरसिया क्षेत्र के दिल्लोद निवासी अवनीश भार्गव को नियुक्त किया है. प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं इंदौर जिला प्रभारी अवनीश ने मिली जिम्मेदारी को निभाने और प्रदेश सेवादल कांग्रेस संगठन को गांवों, कस्बों, ब्लॉकों और जिला एवं प्रदेश स्तर पर मजबूत करने का भरोसा दिलाते हुए ऑल इंडिया कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है. इधर भार्गव को कांग्रेस सेवादल का मुख्य संगठक अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी मिलने पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल, जयश्री हरिकरण, रमेश साहू, नरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण यादव, जसपाल यादव, लोकेश दांगी, भगवानदास चौकसे, ओमप्रकाश शर्मा, राजू धाकड़, अनिता शर्मा, राजकुमारी सुंदरलाल केवट, अंकुर राणा, भूपेंद्र सिंह मीणा, जगदीश सेन, ब्रजेश शर्मा आदि ने बधाई दी है.

# भावांतर योजना : सोयाबीन का मॉडल रेट हुआ 4267 रुपये

**रायसेन, 20 नवंबर. भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए गुरुवार 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी.**

सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है. पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था. इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए और 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था.

> राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी.

# कलश यात्रा निकली, श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**सिलवानी, 20 नवंबर. नगर में मां विजयासन मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा (20 से 26 नवंबर) के शुभारंभ के पूर्व गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कांठिया मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल मां विजयासन मंदिर, होली चौक पहुँची. मार्गभर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया.**

कलश यात्रा में डोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नवयुवक भगवा ध्वज थामे चल रहे थे, वहीं पीले वस्त्रों में सजी महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई आगे बढ़ रही थीं. मुख्य यजमान ने सिर पर श्रीमद् भागवत गीता-पुराण लेकर शोभायात्रा का नेतृत्व किया.

> आयोजकों ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से पंडित अभिषेक शास्त्री के श्रीमुख से वाचन होगी. 26 नवंबर को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ आयोजन का समापन होगा. आयोजनों ने समस्त भक्तजनों से परिवार सहित उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है.



# मतदाता सूची के गहन पुन: निरीक्षण का अभियान तेज

### बीएलओ घर-घर गणना पत्रक का कर रहे वितरण

**सलामतपुर, 20 नवंबर. सांची जनपद के सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनः निरीक्षण अभियान को गति मिल गई है. निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और आवश्यक जानकारियां भी दे रहे हैं.**

सांची विकासखंड के सलामतपुर बीएलओ सुरेश मेहरा और अंबाड़ी बूथ क्रमांक 16 के बीएलओ संतोष साहू एवं ग्राम चौकीदार प्रेम सिंह ने ग्रामीणों को गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि नाम जोड़ने, संशोधन और फोटो अपडेट जैसी सभी सेवाएं इसी अभियान के अंतर्गत की जा रही हैं. बीएलओ ग्रामीणों को फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं, ताकि सही और पूर्ण जानकारी समय पर आयोग तक पहुंच सके. प्रपत्र में जन्मतिथि, आधार संख्या, पिता/माता या अभिभावक का नाम व एपिक नंबर, मोबाइल नंबर जैसी जरूरी जानकारी भरनी होती है.

### ऐसे भरें एसआईआर फॉर्म

जिनके पास पहले से वोटर आईडी है, उन्हें उसमें दर्ज एपिक नंबर अनिवार्य रूप से लिखना होगा. साथ ही पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाना तथा हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लगाना भी जरूरी है. अधिकारियों का कहना है कि अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करना और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है.

# बाड़े के विवाद में डंडे मारकर युवक का सिर फोड़ा

## गंभीर हालत में विदिशा रेफर, पुरा गांव में हुआ खूनी संघर्ष

**सलामतपुर, 20 नवंबर. थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरा गांव में बाड़े के विवाद में खूनी संघर्ष हो गया. जिसमें जमकर डंडों से मारपीट की गई. एक युवक का सिर फट गया. जिसे गंभीर हालत में पहले सांची सिविल अस्पताल और बाद में विदिशा रेफर किया गया है.**

सलामतपुर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र के खोहा पंचायत के पुरा गांव में मोहर सिंह मीणा पिता नारायण सिंह मीणा का अभिषेक मीणा पिता प्रकाश मीणा से बाढ़े की जगह को लेकर पुराना विवाद चल रहा है. जबकि दोनों ही आपस में रिश्तेदार हैं. ताज़ा मामला बुधवार दोपहर चार बजे शुरू हुआ, जिसमें मोहर सिंह अपनी भैंस चराने सूरज सिंह के खेत की मेढ़ पर गया था. तभी अभिषेक मीणा आया और बोला कि बाड़ा मेरे हिस्से में है और तू बाड़े में कदम मत रख देना और उसने गाली गलौच शुरू कर दी. मोहर सिंह ने गाली देने से मना किया तो अभिषेक मीणा ने डंडा उठाकर मोहर सिंह के सिर पर दे मारा. जिसकी वजह से मोहर सिंह के सिर में गंभीर चोटें आ गईं. परिजन तत्काल घायल मोहर सिंह को सांची के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे पर स्थिति बिगड़ने पर घायल युवक को विदिशा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है. जहां उसका ईलाज चल रहा है.



> वहीं पुलिस ने फरियादी मंजू बाई की रिपोर्ट पर आरोपी अभिषेक मीणा के विरुद्ध धारा 296(बी), 109(1) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध किया है. वहीं मामले में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्परता दिखाते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और एक टीम जिसमें एएसआई रमेश रैकवार, प्रधान आरक्षक गणेश रघुवंशी, विकास श्रीवास्तव को शामिल किया.

# मकान में लगी आग से गृहस्थी का सामान खाक

## शार्ट सर्किट से लगी आग, एक लाख का नुकसान

- बेगमगंज के श्याम नगर में हुआ अग्निकांड
- बिजली के तारों में शार्ट सर्किट से लगी आग

**बेगमगंज, 20 नवंबर. बेगमगंज नगर के श्यामनगर में गुरुवार दोपहर में एक मकान में अचानक बिजली के शार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया. आग पर पड़ोसियों एवं परिजनों ने बमुश्किल काबू पाया. जिससे करीब एक लाख की सामग्री जलने का आवेदन फरियादी द्वारा दिया गया है.**

पीड़ित दीपक विश्वकर्मा पिता मनोहर विश्वकर्मा ने तहसीलदार एवं पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह वार्ड क्र. 18 श्यामनगर में निवास करते हैं. दोपहर में वह अपनी दुकान पर था कि पिता जी का फोन आया कि घर के कमरे में आग लग गई है तब वह भागकर घर पहुंचे तो देखा कि कमरे की आग पर काबू पा लिया है.



> लेकिन आग में एलसीडी टीवी, रिसीवर, केट, कटर मशीन, हॉर्न प्रेशर, टेबिल कुर्सी सहित अन्य सामान करीब एक लाख रुपए मूल्य का जलकर खाक हो गया है. पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना में लिया है और तहसीलदार प्रमोद उइके ने नियमानुसार सहायता राशि देने की बात कही है.

# किसानों को उचित दर में खाद का विक्रय करें

## कृषि विभाग की टीम ने खाद-बीज दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**रायसेन, 20 नवंबर. जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक तथा उर्वरक मिले, इसके लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा उप संचालक कृषि केपी भगत के मार्गदर्शन में कीटनाशक और उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की जा रही है.**

इसी क्रम में बरेली तथा खरगोन में कृषि विभाग के रायसेन तथा बाड़ी के अधिकारियों की टीम द्वारा कीटनाशक, निजी और उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों अंबिका ट्रेडर्स, एचके कृषि मार्ट, श्रीराम कृषि सेवा केंद्र, आदित्य ट्रेडर्स, मॉं रेवा कृषि सेवा केंद्र, सत्य साईं कृषि सेवा केंद्र, विश्वकर्मा कृषि सेवा केंद्र आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों द्वारा कीटनाशक, उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि रबी सीजन के लिए किसानों को गुणवत्तापूर्ण तथा शासन के नियमानुसार उचित दर पर ही खाद या उर्वरक विक्रय की जाए. यदि किसी भी विक्रेता द्वारा अधिक दाम में उर्वरक विक्रय की जाती है या कालाबाजारी की जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. निरीक्षण के दौरान मां रेवा कृषि सेवा केंद्र तथा सत्य सांई कृषि सेवा केंद्र पर स्टॉक रजिस्टर और बिल बुक में कमियां पाए जाने पर उक्त फर्मों को नोटिस जारी कर सख्त निर्देश दिए गए कि शासन के नियमानुसार ही दुकान का संचालन किया जाए. लापरवाही की जाने पर लाइसेंस निरस्त कर कार्यवाही की जाएगी. निरीक्षण दल में रायसेन से जितेंद्र नामदेव अनुविभागीय अधिकारी कृषि, दुष्यंत कुमार धाकड़ सहायक संचालक कृषि, धरम सिंह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बाड़ी तथा ओमप्रकाश चौहान कृषि विस्तार अधिकारी बरेली सम्मिलित रहे.



# स्मार्ट मीटर लगवाएं, 20 प्रतिशत छूट पाएं

**बैरसिया, 20 नवंबर. मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य कर रही है. इधर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को लेकर अधिक बिल आने के भ्रम में है. बिजली कंपनी के बैरसिया विद्युत सबस्टेशन प्रबंधक संघर्ष पाराशर ने गुरुवार को नवभारत को चर्चा में बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग मिलती है. साथ ही उपभोक्ता को बिजली की खपत के अनुसार दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट भी कंपनी दे रही है.**

प्रबंधक पाराशर का कहना है कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने और पारदर्शिता के लिए कंपनी ने स्मार्ट मीटर की शुरुआत की है. अभी तक 4 लाख 33 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं. स्मार्ट मीटर एक, फायदे अनेक , के नारे पर कंपनी काम कर रही है.



### स्मार्ट मीटर भरोसेमंद ही नहीं, फायदेमंद भी है

ऊर्जा की खपत को ट्रैक करने में मदद, ऊर्जा की बचत करने में उपयोगी, बिजली खपत की सटीक रीडिंग, एप के जरिये मोबाइल पर मिलेगा रियल - टाइम डेटा, ऊर्जा की खपत को ऑनलाइन ट्रैक करने की सुविधा, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक दिन की खपत पर 20 प्रतिशत की छूट, बिजली खपत को कंट्रोल करना आपके हाथ में, बिजली की खपत को सटीक रूप से मापता है, जिससे बिल में कोई गलती नहीं होती है, लाखों उपभोक्ता उठा चुके हैं छूट का लाभ.

**वन्यप्राणी** | रायसेन वनमंडल के कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

# पांच जनवरी से तीन चरणों में होगा बाघों का आकलन

**रायसेन, 20 नवंबर. बाघ आकलन वर्ष 2026 के लिए गुरुवार को रायसेन वन मंडल के कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया. यह प्रशिक्षण ईको सेंटर गढ़ी में हुआ, जिसमें सबडिवीजन रायसेन की चारों रेंज पूर्व, पश्चिम, गढी और बेगमगंज के कर्मचारी शामिल हुए.**

इस अवसर वन मंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया. उन्होंने सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और आकलन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा कार्य को कुशलता से पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कार्यशाला में उपवन मंडल अधिकारी सुधीर पटले और सिलवानी के इंदर सिंह बारे भी उपस्थित रहे. मास्टर ट्रेनर आदर्श मिश्रा, रविकांत अमृते, अनुराग रघुवंशी ने पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कर्मचारियों को बाघ आकलन 2026 के हर पहलू से अवगत कराया.



> फील्ड पर आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को आकलन से पहले ही दूर करने के लिए कर्मचारियों को हैंड ऑन एक्सरसाइज भी कराई गई. बाघ आकलन 2026 पूरे प्रदेश में चार चरणों में होगा, जिसमें रायसेन वन मंडल में यह कार्य तीसरे चरण में, यानी 5 से 12 जनवरी के बीच किया जाएगा.